# JUSTIFICATION

कार्य का नामः– जनपद टिहरी गढ़वाल के जौनपुर ब्लॉक के अन्तर्गत मसराना–किमोई मोटर मार्ग (कुल लम्बाई 8.00 कि0मी0) मोटर मार्ग का निर्माण।

उक्त मोटर मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 707A के चम्बा–मसूरी मोटर मार्ग के कि0मी0 46 में स्थित मसराना–नामक स्थान से प्रारम्भ होकर ग्राम किमोई को जोडता है। जिसकी कुल जनसंख्या 249 है तथा किमोई में उगने वाली नगदी फसले आलू, मटर, बीन, राजमा, अदरक, अरबी, दाल, मक्का, मूली, गाजर, गोबी, माल्टा, टमाटर व नीम्बू आदि को मुख्य बाजार तक सुविधा मिलेगी।

उक्त मोटर मार्ग के मुख्य बाजार तक जुडने से वहां के काश्तकारों को तथा स्थानीय लोगों को यातायात की सुविधा के साथ–साथ आम जनता को अत्यधिक लाभ होगा इसके अलावा ग्राम किमोई वासियों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की तुरन्त सुविधा मिलेगी। ग्राम किमोई के विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के हेतु इस मार्ग के बनने से लाभ मिलेगा तथा पर्यटन के साथ–साथ क्षेत्र में व्यापार को बढवा मिलेगा। सडक निर्माण के दौरान स्थानीय गरीब मजदूरों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें।

मोटर मार्ग से स्थानीय जनता का आवागमन बढेगा जिससे स्थानीय संस्कृति का अदान–प्रदान होने स्थानीय संस्कृति को बढावा मिलेगा तथा जिससे स्थानीय लोगो को उत्थान होगा।

अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में अत्यन्त आवश्यक है।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,
थत्यूड़ (टि0ग0)।

प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,
थत्यूड़ (टि0ग0)।

Bachan singh masrana folder